ईमाम हुसैन के रास मुबारक का हुआ तफसील से बयान

# सैयदना हातीम के उर्स मुबारक की रात को हुई मजलिस

इन्दौर। शिया दाऊदी बोहरा समाज के तीसरे दाई अल मुतलक़ सैयदना हातीम री अ के उर्स मुबारक की मजलिस सैफ़ी नगर स्थित सैफ़ी मस्जिद में आयोजित हुई ।





जनाब शैख़ यूसुफ भाई बड़वानी वाला की सदारत में हुई इस मजलिस में उन्होंने सैयदना हातीम की तारीख का तफसील से जिक्र किया । साथ ही कर्बला में शहीद ईमाम हुसैन व उनके साथियों एहले बैत , असहाब ए वफादार की शहादत के बाद उनके रास मुबारक व लाशें के दफन की पूरी तारीख सिलसिलेवार बयान की ।

आपने अपने उद्बोधन में बताया कि ईमाम हुसैन को शहीद करने के बाद भी दुश्मनों को चैन नही था । यज़ीद की फ़ौज ने आपके रास मुबारक की अनेकों बार बेहुरमती की । कर्बला (ईराक) से शाम (सीरिया) तक रास मुबारक को भाले की नोंक पर रखकर लाये । ग्यारह स्थानों पर यज़ीद की सेना जब रात्रि को पड़ाव करती तो रास मुबारक को भाले की नोंक से निकलकर संदूक में रखती । सुबह जब फ़ौजें चलती तो पुनः भाले की नोंक पर ईमाम हुसैन का सर लगा दिया जाता था । यज़ीद के पास फ़ौज के पहुंचने के बाद यह रास मुबारक उसने अस्त्र गाह में एक संदूक में रखवा दिया । थोड़े वर्षों बाद यज़ीद के पुत्र ने जब सत्ता सम्हाली तो उसने रास मुबारक को अस्त्र गाह से निकलवाकर शाम के कब्रस्तान में दफन करवा दिया । ईमाम हुसैन के मुरीद अब कब्रस्तान में बड़ी तादाद में आकर ग़म करने लगे । इससे क्रुद्ध होकर यज़ीद के पुत्र ने रास मुबारक को शाम व मिस्र की बॉर्डर पर असखलान नामक स्थान पर मिट्टी में दफन करवा दिया और कोई निशानी नही छोड़ी । हिजरी सन 60 से लेकर सन 484 तक तकरीबन 424 वर्षों तक ईमाम हुसैन के रास मुबारक इसी प्रकार रहे ।

ईसवी सन 1091 में तत्कालीन फ़ातेमी ईमाम मुस्तानसीर बिल्लाह ने अपने समय मे पेशनगोई से इस स्थान को अपने मुख्य वज़ीर बद्र अल जमाली व उनके मातहतों से ढूंढ़वाया और यहाँ कब्र व ज़री बनाई । हिजरी सन 548 में रोम द्वारा मिस्र व शाम की इस सरहद से गुजरने के पहले ही ईमाम हुसैन के मानने वाले चार शियों ने रास मुबारक को बॉर्डर की इस जगह याने असखलान से निकालकर मिस्र के भीतरी इलाके में दफन किया जहाँ आज तक ईमाम हुसैन के रास मुबारक दफ़न है । 51 वे दाई अल मुतलक़ सैयदना ताहेर सैफुद्दीन साहब ने रास मुबारक हेतु एक आलीशान ज़री बनवाई थी जिसे आपके पुत्र 52 वे दाई सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन ने ईमाम हुसैन के रास मुबारक की जगह पर लगवाई है ।

समाज के मुफद्दल मण्डलेश्वरवाला ने बताया कि लगभग साढ़े सात बजे शुरू हुई मजलिस रात ग्यारह बजे खत्म हुई ।

शेख यूसुफ बड़वानी वाला के बयान के बाद दिवंगत सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन के लंदन सफर की वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी इस अवसर पर दिखाई गई । मजलिस के बाद उपस्थित जायरीनों न्याज़ का तबर्रुख लेकर घरों की और रुखसत हुए ।

## प्रज्ञा बुध विहार परदेशीपुरा इंदौर पर श्रावणी पूर्णिमा मनाई गई



इन्दौर। भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में वर्षावास के अंतर्गत श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर नगर अध्यक्ष सुधा ताई पाटील वह उनकी महिला कार्यकारिणी कमेटी द्वारा परित्राण पाठ और खीर प्रसादी का वितरण किया गया और आर्य जी धम्म दीना जी के सानिध्य में धम्म देशना धम्म उपदेश बौद्ध,उपासक, व, उपासीकाओ को दिए गए सभी बौद्ध उपासक व,उपसेकाए शुभ श्वेत वस्त्र में उपस्थित थे यह जानकारी संभागीय प्रवक्ता मीडिया प्रभारी सुरेश वानखेड़े द्वारा दी गई।

## संघ पदाधिकारियों द्वारा महापौर को बधाई दी

इन्दौर। 13 अगस्त को नगर पालिक निगम सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के समस्त पदाधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित महापौर पुष्यमित्र भार्गवजी के सुदामा नगर स्थित निवास स्थल पर पहुंचकर महापौर पदभार ग्रहण करने पर पुष्पमाला पहनाकर कर्मचारी कल्याण संघ का स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी। संघ के अध्यक्ष द्वारा निगम कर्मचारियों के हित के लिए अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री भार्गव द्वारा संघ पदाधिकारियों को धन्यवाद देकर कर्मचारियों के हित हेतु कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष देवकुमार बिरगड़े, उपाध्यक्ष महेश पथरोड़, सचिव विनोद कल्याणे, सहसचिव सोनू कल्याणे, कोषाध्यक्ष नवल संकत, संगठन मंत्री विजय भैरवे, प्रचार मंत्री गोपाल धवन, कार्यकारिणी सदस्य आनंद रायकवार, भगवानदास करोसिया, सुदेश डोंगरे, रवि वैद्य नाना, विवेक करोसिया एवं राहुल डागर, सचिन मालवीय द्वारा सम्मान किया गया।

## संस्था अनुगूँज ने किया ध्वज वितरण



इंदौर। आजादी के अमृत महोत्सव पर संस्था अनुगूंज ने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए झंडा वितरण का कार्यक्रम 13 अगस्त शनिवार को सुबह 8 बजे श्याम पैलेस फूटी कोठी रोड इंदौर पर किया गया।

संस्था अनुगूँज के अध्यक्ष संजय लड्डा ने प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द मोदी के आव्हान पर पूरे देश में आजादी के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रवीण नागर, सुधीर जगताप, डालके अंकल, अवधेश नीमा, रितुराज वाजपेयी, अंकित परवाल, अभय झालरी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था संयोजक अनिल लालावत ने दी।

# 75 वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव का शुभारंभ

इन्दौर। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण राष्ट्र में अमृत महोत्सव 11.से 15.अगस्त तक मनाया जा रहा है इस महोत्सव के अन्तर्गत मुख्य रूप से हर घर तिरंगा अभियान के साथ प्रत्येक दिवस में अलग-अलग गतिविधियों से तिरंगे एवं आजादी के महत्व को जन-जन तक पहुचाया जा जाये।





इसके लिये पुलिस रेडियो टेऋनिंग स्कूल इन्दौर के समस्त अधिकारी/कर्मचारी तथा प्रषिक्षण प्रषिक्षुओं द्वारा तिरंगा रेली 11.अगस्तको कार्यालय से दूसरी पल्टन, पुलिस आवसीय परिसर एवं अन्य स्थानों से हाते हुऐ कार्यालय पहुचे जहॉ पर तिरंगे की गरिमा को ध्यान रखते हुए प्रोटोकाल, सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया 12. को हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत पुलिस कालोनी में जाकर नुक्कड नाटक का प्रर्दषन कर, पम्पलेट वितरण कर तिरंगा लगाने और इस महोत्सव को मनाने के महत्व का संदेष दिया।13को पुलिस परिवार के बच्चों ,संस्था के अधिकारी/कर्मचारी व प्रषिक्षुओं के द्वारा चित्रकला, रंगोली एवं तिरंगे पर निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। 14. एंव 15. अगस्त को राष्ट्र ध्वज तिरंगे के गौरव को बढाने एवं जन जागरूकता के लिये इस महोत्सव के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त महोत्सव संस्था के निदेषक/पुलिस महानिरीक्षक राकेष गुप्ता (भा.पु.से.) के मार्गदर्षन में किया गया जिसमें संस्था के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रषेखर चन्द्रावत, उप पुलिस अधीक्षक (रे) घनष्याम सिंह, उप पुलिस अधीक्षक (रे) राजिन्दर सिंह वर्मा एवं संस्था का समस्त बल और उनके परिजनों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

## प्राइम अकैडमी में अमृत महोत्सव मनाया गया



इंदौर। पश्चिम क्षेत्र के स्कूल द प्राइम अकैडमी में उत्साह पूर्वक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया , जिसमें बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वेशभूषा में देश के सपूतों को याद किया। स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती भारती पवार एवं प्रिंसिपल श्रीमती प्रतिभा महा के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में बच्चों को उनकी कहानियां सुनाकर देशभक्ति के लिए प्रेरित किया ,जिसमें बच्चों ने भी फ्रीडम फाइटर की वेशभूषा में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया।

## सपरिवार आया चोर, ढाई लाख नकद और जेवरात ले गया

इन्दौर (इ)। राखी मनाने मुम्बई गये रेडियोलाजिस्ट के सूने मकान में चोर ने सपरिवार धावा बोला और ढाई लाख नकदी सहित जेवरात ले उड़ा। चोर जब चोरी करने घर में घुसा तो उसकी पत्नी और बच्चे बाहर पहरा दे रहे थे। घटना सराफा थाना क्षेत्र की है यहां आड़ा बाजार , पंढरीनाथ पथ निवासी रेडियोलॉजिस्ट के घर में चोरी हो गई। अनूप परमार ने कल केस दर्ज कराया कि वह परिवार सहित राखी मनाने मुंबई गए थे। सीसीटीवी देखने पर खुलासा हुआ कि चोर पत्नी और बच्चे को लेकर पहुंचा था। दोनों बाहर रैकी कर रहे थे। चोर घर में घुसा और आधे घंटे में घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और 2.25 लाख रुपए नकदी पर हाथ साफ कर गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ही तहकीकात कर रही है।

धरा गया लुटेरा कोर्ट ने दी चार साल की सजा

## बाइक पर नम्बर की जगह सरनेम

इन्दौर (इ)। लुटेरे की बाइक पर नंबर की जगह उसका सरनेम लिखा हुआ था। फरियादी ने रिपोर्ट मे दिये इसी बयान के सुराग से उस लुटेरे बाइक चालक को पहचान कर पुलिस ने गिरफ्तार किया और कोर्ट ने उसे चार साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी।

परदेशीपुरा थाने में दर्ज लूट के एक मामलें में फरियादी शैफाली मरमट ने बताया था कि वह 29 जनवरी की शाम डमरू उस्ताद चौराहा स्थित ऑफिस से काम करके घर लौट रही थी तभी बैरवा समाज धर्मशाला के पास काले रंग की बाइक पर सवार दुबला-पतला लडक़ा उसके पास आया और डराकर उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकला।

फरियादी ने गाड़ी का नंबर नोट करने की कोशिश की तो देखा कि बाइक पर नंबर नहीं केवल लाल रंग से 'कुमायूं' लिखा है। मामले में तब परदेशीपुरा पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया था। दो दिन बाद परदेशीपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जांच अधिकारी कमलसिंह रघुवंशी को काली बाइक पर कुमायूं लिखा दिखा था तो उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की।

इस पर बाइक चालक पीयूष उर्फ मोंटी पिता राजेश कुमायूं गोविंदनगर खारचा तेजी से भागने लगा और आगे जाकर गिर पड़ा। पूछताछ करने पर उसने मोबाइल लूटना स्वीकार किया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

## अखण्ड रामायण पाठ का हुआ समापन, सुंदरकांड व चौपाईयों से गूंजा क्षेत्र



इन्दौर। श्री इन्दौर सेवा ट्रस्ट द्वारा गंधी नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का दिव्य आयोजन 14 जुलाई से 12 अगस्त तक किया गया। इस अखण्ड रामायण पाठ में प्रतिदिन विद्वान पंड़ितों द्वारा रामायण का पाठ एवं सुंदरकांड किया गया। जिसमें सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए। श्री इन्दौर सेवा ट्रस्ट एवं अखण्ड रामायण पाठ आयोजक पं. अनंत योगेंद्र महंत ने बताया कि पं. अमित तिवारी के सान्निध्य में अखण्ड रामायण पाठ 24 घंटे तक प्रतिदिन आयोजित किया गया। जिसमें नगरवासियों के साथ-साथ धार्मिक, सामाजिक एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। खेड़ापति हनुमान मंदिर में आयोजित अखण्ड रामायण पाठ का समापन शुक्रवार 12 अगस्त हुआ। समापन अवसर पर विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य में यज्ञ हवन किया गयासुबह महाआरती का आयोजन भी विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य में किया गया। एक समापन अवसर पर मदनमोहन अग्रवत, रामचन्द्र तेंदगुरिया, सुरेश पाठौक, लोकेंद्र बैरागी सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए थे।


### शांति ओवरसीस (इण्डिया) लिमिटेड

CIN : L51211MP2011 PLC 025807

पंजीकृत कार्यालय : 215-216, विक्रम टॉवर, पहली मंजिल, सपना-संगीता रोड, इंदौर म.प्र. 452001 आईएन

वेबसाईट : www.shantioverseas.com ईमेल : mail@shantioverseas.com

फोन +91-731-4020586, +91-731-4020587

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के गैर अंकेषित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश

(रुपये लाख में)

| क्र. | विवरण | तिमाही समापन 30-06-2022 (गैर अंकेषित) | तिमाही समापन 31-03-2022 (अंकेषित) | तिमाही समापन 30-06-2021 (गैर अंकेषित) | वर्ष समापन 31-03-2022 (अंकेषित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालनों से कुल आय | 9,912.84 | 12,023.95 | 2,726.80 | 20,307.18 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण मदों से पूर्व) | (221.59) | 965.48 | (8.16) | 334.93 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (असाधारण मदों के पश्चात) | (221.59) | 965.48 | (8.16) | 334.93 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (असाधारण मदों के पश्चात) | (218.04) | 809.72 | (8.16) | 309.70 |
| 5. | अवधि की कुल व्यापक आय (अवधि का सम्मिलित लाभ (हानि) एवं अवधि की अन्य व्यापक आय कर पश्चात) | (217.29) | 812.72 | (8.16) | 312.70 |
| 6. | पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य प्रत्येक रुपए 10/-) | 1,110.60 | 1,110.60 | 1,110.60 | 1,110.60 |
| 7. | रिजर्व (पुर्नः मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर पिछले वित्तीय वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार) | | | | 2,128.32 |
| 8. | प्रतिशेयर आय (चालू एवं बंद संचालनों बाबद) (क) बेसिक | (1.96) | 7.29 | (0.07) | 2.79 |
| | (ख) डाईल्यूटेड | (1.96) | 7.29 | (0.07) | 2.79 |

नोटः 1. 30 जून 2022 को समाप्त तिमाही के समेकित वित्तीय परिणाम कंपनीज (इण्डियन अकाउंटिंग स्टैंण्डर्ड) नियम, 2015 (आई एण्ड डी ए एस) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में निर्धारित एवं अन्य लेखा पद्धतियों व 1 अप्रैल 2020 से प्रभावशील नीतियों में प्रदत्त मानदण्ड के अनुसार बनाये गये हैं। कंपनी ने दिनांक 1 अप्रैल, 2019 से आई एण्ड डी ए एस को प्रथम बार अंगीकार किया है।

2. स्टैण्ड अलोन वित्तीय परिणामों की अतिरिक्त सूचनाएं निम्नानुसार है :-

(रुपये लाख में)

| क्र. | विवरण | तिमाही समापन 30-06-2022 (गैर अंकेषित) | तिमाही समापन 31-03-2022 (अंकेषित) | तिमाही समापन 30-06-2021 (गैर अंकेषित) | वर्ष समापन 31-03-2022 (अंकेषित) |
|---|---|---|---|---|---|
| i | संचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 1,637.33 | 1,768.90 | 2,708.55 | 7,014.40 |
| ii | लाभ/हानि कर पूर्व | (121.03) | 199.42 | 106.52 | 57.80 |
| iii | लाभ/हानि कर पश्चात | (118.67) | 144.52 | 128.45 | 50.66 |

3. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखा समिति की 12 अगस्त 2022 को सम्पन्न बैठक में की गई, तत्पश्चात संचालक मण्डल की बैठक में 12 अगस्त 2022 को स्वीकृति प्रदान की गई।

4. गत वर्षों के आंकड़े आवश्यकतानुसार यथा जगह री ग्रुप/ री अरेंज किये गये हैं।

5. उपरोक्त परिणाम विवरण स्टॉक एक्सचेंज में सेबी **(लिस्टिंग आब्लीगेशंस एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स)** रेग्युलेशंस 2015 के विनिमय 33 के अन्तर्गत 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के दाखिल समेकित एवं स्टैंड अलोन वित्तीय परिणामों विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के समेकित एवं स्टैंड अलोन वित्तीय परिणामों के विस्तृत परिणाम कम्पनी की वेबसाईट www.shantioverseas.com एवं एनएसई की वेबसाईट (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

**स्थानः इन्दौर**

**तिथिः 12/08/2022**

**आयुष कचोलिया**
**पूर्णकालिक निदेशक**
**DIN: 03096933**


# शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा और किया पौधारोपण

देवास(पवन यादव)। आजादी 75 अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा झंडा अभियान के अन्तर्गत शहर मे शनिवार से हर घर तिरंगा उत्सव मनाया जाना प्रारंभ किया। अभियान के अन्तर्गत सम्पूर्ण शहर मे तिरंगा यात्रायें निकाली गई साथ ही नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व के शासकीय स्थानो पर तिरंगा झंडा लगाया गया।

जिसका शुभारंभ नगर निगम कार्यालय मे महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, के द्वारा निगम सभापति रवि जैन, नगर निगम आयुक्त विशालसिह चौहान महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल की उपस्थिती मे किया गया। जिसमे निगम के सभी प्रशासनिक भवनों पर तिरंगे झंडे लगाये गये। इसी के तहत शहर मे स्थापित महापुरूषो की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण भी किया गया।तत्पश्चात सयाजी द्वार स्थित महाराज श्रीमंत तुकोजीराव पवार की प्रतिमा पर भी महापौर गीता अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन के साथ अन्य पदाधिकारियो द्वारा माल्यार्पण किया गया।



तिरंगा महोत्सव के साथ अंकुर महोत्सव भी मनाया गया।

नगर निगम द्वारा अंकुर महोत्सव के अन्तर्गत वृह्द स्तर पर शहर के सम्पूर्ण 45 ही वार्डो मे पौधारोपण किया गया। प्रत्येक वार्ड मे वार्ड के जनप्रतिनिधियो के द्वारा रहवासियो के साथ पौधारोपण किया गया।

अभियान के अन्तर्गत सम्पूर्ण शहर मे तिरंगा यात्रायें निकाली गई

आजादी 75 अमृत महोत्सव के अन्तर्गत शहर मे सभी सामाजिक संस्थाओ, व्यापारी प्रकोष्ठ, शासकीय अशासकीय संस्थानो, प्रेस क्लब, बार एसोसिएशन के द्वारा भव्य तिरंगा यात्रायें निकाली गई। जिसमे सयाजी द्वार पर विधायक प्रतिनिधि श्रीमंत विक्रमसिह पवार एवं निगम सभापति रवि जैन, कलेक्टर चन्द्रमौली शुक्ला, आयुक्त विशालसिह चौहान महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल तिरंगा झंडा यात्रा मे उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान रैली



इन्दौर। आईआईएसटी/ आईआईपी/ आईआईएमआर महाविद्यालय द्वारा भारत सरकार के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं ÷हर घर तिरंगा अभियान÷ के कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न किया ! जिसमें महाविद्यालय के महानिदेशक श्री अरुण एस. भटनागर सर द्वारा तिरंगे के सम्मान में पैदल मार्च निकाला गया जिसमें हर वर्ग ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।